प्रादेशिक समाचार
दिनांक–09.09.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 सितंबर को जमशेदपुर से झारखंड के एक लाख 13 हजार एक सौ पंचानबे लाभुकों को पीएम आवास योजना की पहली किस्त करेंगे जारी, विकास की देंगे कई सौगात।
2. प्रदेश भाजपा विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा आज आएंगे रांची, बहाली दौड़ में मृत अभ्यर्थियों के परिवार से करेंगे मुलाकात।
3. राज्य में आज तेज हवा के साथ भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट , मौसम विभाग ने कल भारी बारिश की दी चेतावनी।
4. और शानदार समारोह के साथ पेरिस पैरालिंपिक खेल सम्पन्न। भारत ने असाधारण खेल का प्रदर्शन करते हुए 7 स्वर्ण 9 रजत और 13 कांस्य सहित कुल 29 पदक जीते।

****

केन्द्रीय मंत्री और झारखंड भाजपा विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को जमशेदपुर से झारखंड के 1 लाख 13 हजार एक सौ पनचानबे लोगों को पीएम आवास योजना की पहली किस्त जारी करेंगे। रांची में संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि इस दौरान प्रधानमंत्री वंदे भारत एक्सप्रेस के साथ विकास की कई सौगात देंगे

केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है । बांग्लादेशी घुसपैठ, राज्य की बदलती डेमोग्राफी और भ्रष्टाचार समेत कई मुद्दों पर पार्टी राज्य में परिवर्तन संकल्प यात्रा निकालेगी।

****

असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा दो दिवसीय दौरे पर आज रांची आएंगे। वे उत्पाद सिपाही दौड़ में मृत जवानों के परिजनों से मिलने ओरमांझी और नामकुम उनके घर जाएंगे।

****

विधायक सरयू राय के खाद्य मंत्री रहते हुए आहार पत्रिका और अन्य दो मामलों में घोटाला के आरोप पर राजनीति तेज हो गई है। जमशेदपुर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री राय ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए इसके पीछे मंत्री बन्ना गुप्ता की मंशा पर सवाल उठाए

इस बीच मंत्री बन्ना गुप्ता ने भी सरयू राय के आरोपों पर जवाब दिया और श्री राय पर पूर्व में दर्ज केस और उसके स्टेटस पर घेरने की कोशिश की ।

****

गिरिडीह के ताराटांड़ मैदान में आज आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गिरिडीह और धनबाद दोनों जिले के लिए कई करोड़ रूपए की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।

****

गढ़वा जिला अंतर्गत मेराल प्रखंड के लातदाग में साढ़े 36 करोड़ रूपये की लागत से अत्याधुनिक डिग्री कॉलेज का निर्माण किया जाएगा। मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने इसका शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि कॉलेज चालू हो जाने से आसपास के छात्रों को अच्छी शिक्षा मिलेगी। आगामी दो वर्षो में गढ़वा विकसित जिला में शामिल होगा।

****

कोडरमा, गझण्डी और पहाड़पुर समेत घाट सेक्शन के तमाम स्टेशनों को ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नल सिस्टम से लैस किया जाएगा, ताकि रेलवे लाइन की क्षमता का पूरा उपयोग किया जा सके।

****

मौसम विभाग ने राज्य में आज तेज हवा के साथ भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है । इसके साथ अगले दो दिन के लिए गरज के साथ भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी दी है।

****

फ्रांस के पेरिस में कल रात पैरालिंपिक्स खेलों का भव्य समारोह के साथ समापन हुआ। भारतीय दल ने इस वर्ष पैरालिंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य सहित कुल 29 पदकों पर कब्जा किया।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

पेरिस में पैरालंपिक के समापन और भारत के शानदार प्रदर्शन की खबर के साथ राज्य की राजनीतिक हलचल को रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण लिखता है– पेरिस पैरालंपिक में दुनिया ने देखा भारत का दम।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं–झारखंड के एक करोड़ 13 लाख लोगों को प्रधानमंत्री 15 को देंगे पीएम आवास की पहली किस्त।

प्रभात खबर ने लिखा है – गोमिया में चार बच्चों के साथ महिला कुएं में कूदी, तीन बच्चों की मौत
पीओके के निवासियों को भारत का हिस्सा बनना चाहिए, हिन्दुस्तान ने रक्षा मंत्री के इस बयान को अपनी सुर्खी बनाई है।

रांची एक्सप्रेस की सुर्खी है– प्रधानमंत्री मोदी झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले राज्य को चार वंदे भारत ट्रेनों की देंगे सौगात।

वियतनाम में तूफान यागी से मौत और तबाही की खबर को टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने पहले पन्ने पर जगह दी है।

****